# झांसा देकर 9 .65 करोड़ की ठगी

## छह पर मामला दर्ज




**जबलपुर,01 मार्च. नीलाम गोल्ड खरीदकर ऊंचे दामों पर बेचने का लालच देकर एक जालसाज परिवार ने कई लोगों से करीब 9.65 करोड़ रुपये की ठगी कर ली. मामले में माढ़ोताल थाना पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है.**

सरस्वती कॉलोनी निवासी प्रगति जैन ने शिकायत में बताया कि वर्ष 2016 में उनके पति की मुलाकात अमित जैन से हुई थी, जो इनकम टैक्स रिटर्न और जीएसटी का काम करता था. अमित ने मुथूट फाइनेंस व बैंकों से नीलामी में कम दाम पर सोना खरीदकर सराफा व्यापारियों को अधिक कीमत पर बेचने और भारी मुनाफा कमाने का झांसा दिया. भरोसा दिलाने के लिए वह व्हाट्सएप चैट पर कथित निवेश के प्रमाण भी दिखाता था.

प्रगति जैन ने करीब 50 लाख रुपये निवेश किए. इसी तरह अन्य लोगों से भी लाखों-करोड़ों रुपये लिए गए. पुलिस जांच में सामने आया कि कुल 9 करोड़ 65 लाख 91 हजार 750 रुपये निवेश कराए गए, जिनमें से लगभग 2 करोड़ रुपये लौटाए गए, जबकि 7 करोड़ 91 लाख से अधिक की रकम वापस नहीं की गई.

आरोप है कि रकम अमित जैन के अलावा उसके पिता देवेन्द्र जैन, मां मीरा जैन, पत्नी नीता जैन, भतीजे सागर जैन और कर्मचारी अनुराग जैन के खातों में जमा कराई गई. पुलिस ने सभी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### 1 .45 लाख की ऑनलाइन ठगी, वरिष्ठ नागरिक ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**इंदौर, 01 मार्च.** विजयनगर थाना क्षेत्र में ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है. अज्ञात साइबर ठग ने खुद को किसी अन्य व्यक्ति के रूप में प्रस्तुत कर 62 वर्षीय कारोबारी से 1 लाख 45 हजार 500 की राशि ठग ली. थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि पवन अग्रवाल निवासी बीसीएम पैराडाइज, निपानिया ने शिकायत दर्ज कराई है कि 9 दिसंबर 2025 के आसपास उनके साथ ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की घटना हुई. आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति ने भ्रामक जानकारी देकर विश्वास में लिया और छलपूर्वक उक्त राशि ट्रांसफर करा ली. पीड़ित ने बताया कि धोखाधड़ी मध्यप्रदेश क्षेत्राधिकार में हुई है और रकम साइबर माध्यम से निकाली गई. मामले में थाना विजयनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. साइबर सेल की मदद से आरोपियों की पहचान और रकम की ट्रेल खंगाली जा रही है.

### हाईटेंशन विद्युत टावर में चढ़ा ससुराल आया युवक

**मझौली.** ससुराल आया एक युवक आज दोपहर हाईटेंशन विद्युत टावर में चढ़ गया. टावर में युवक के चढ़ने की जानकारी मिलते ही लोगों की काफी भीड़ मौके पर जमा हो गई. लोग युवक को नीचे उतारने के लिए सभी जतन किये लेकिन वह उतरने को तैयार नही था. युवक शराब के नशे में धुत होकर काफी हंगामा भी मचा रहा था.

सूचना पाकर मौके पर मझौली थाना प्रभारी विशाल शर्मा भी दलबल के साथ पहुंचे. पुलिस द्वारा भी युवक को टावर से नीचे उतारने की मशक्कत शुरू की गई. ससुराल पक्ष के लोग भी युवक को नीचे उतारने में जुटे रहे. लोगों ने बताया कि व्यौहारी जिले का पथगड़ी निवासी अमर सिंह गोंड़ अपने ससुराल करमाई गांव आया था और आज दोपहर करीब 2 बजे शराब के नशे में ऊंचे विद्युत टावर में चढ़कर चिल्लाने लगा. काफी मशक्कत के बाद शाम करीब 6 बजे नीचे उतरा.



## सीएम डॉ . यादव ग्वालियर आए, विमानतल पर स्वागत

**ग्वालियर, 01 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ग्वालियर चंबल अंचल के व्यस्त प्रवास पर आज रविवार दोपहर को ग्वालियर आए. ग्वालियर विमानतल पर जनप्रतिनिधियों ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया और प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अगवानी की.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जलालपुर ग्राम पहुंचकर विधायक प्रीतम लोधी के आवास पर पहुंचकर उनकी मातुश्री के निधन पर संवेदना जताई. कुछ समय रुकने के पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. यादव हैलीकॉप्टर से श्योपुर जिले के कूनो पालपुरमें आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिये रवाना हुए. श्योपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के पश्चात मुख्यमंत्री अशोकनगर जिले के चंदेरी जाएंगे. इसके बाद ग्वालियर लौटकर राजकीय विमान द्वारा भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे. विमानतल पर भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, ग्रामीण अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत, महेन्द्र यादव सहित जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री की अगवानी की. इस मौके पर ग्वालियर के आईजी अरविंद सक्सेना, डीआईजी अमित सांघी, कलेक्टर रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय उपस्थित थे.

## एक नजर में



### 5 घंटे कॉम्बिंग : गुंडे-बदमाशों की हुई धरपकड़

**जबलपुर,01 मार्च.** शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त की। 5 घंटे गुंडे-बदमाशों की धरपकड़ हुई। टीमों के द्वारा दबिश देते हुए कॉम्बिंग गश्त के दौरान कई वर्षों से फरार 120 गैर म्यादी वारिटयों एवं 91 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए।71 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। कॉम्बिंग गस्त के दौरान 13 चाकू एवं 1 बका सहित 14 आरोपी पकड़े गये, एवं सार्वजनिक स्थान में शराब पीने पिलाने एवं अवैध शराब के कारोबार में लिप्त आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये 58 लीटर देशी एवं 134 पाव देशी शराब जप्त की गई। इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।



### साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, 13 गिरफ्तार

**रीवा,01 मार्च.** रीवा और गुजरात पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में साइबर ठगी के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने शिल्पी उपवन कॉलोनी स्थित एक मकान पर दबिश देकर 13 युवकों को गिरफ्तार किया है, जो ऑनलाइन ठगी का संगठित कारोबार चला रहे थे। विश्वविद्यालय थाना प्रभारी हितेंद्र नाथ शर्मा ने बताया कि गुजरात के सूरत में एक रिटायर्ड कर्मचारी से एपीके फाइल के माध्यम से ओटीपी हासिल कर करीब सात लाख रुपये की ठगी की गई थी। मामले की जांच के दौरान सूरत पुलिस एक सप्ताह से रीवा में डेरा डाले हुए थी और स्थानीय पुलिस व साइबर सेल की मदद से आरोपियों तक पहुंची। कार्रवाई के दौरान मौके से बड़ी संख्या में मोबाइल फोन और लैपटॉप जब्त किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए अधिकांश आरोपी उत्तराखंड के निवासी बताए जा रहे हैं। सभी आरोपियों को विश्वविद्यालय थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का मानना है कि इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और बड़े साइबर ठगी नेटवर्क का खुलासा हो सकता है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### 1 .80 लाख की ऑनलाइन ठगी

**महू, 1 मार्च.** साइबर ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी के बीच महू थाना क्षेत्र में एक वरिष्ठ नागरिक से 1 लाख 80 हजार 5 रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार अभिमन्यु दास उम्र 65 साल निवासी साई श्रद्धा पैलेस कॉलोनी, गुजरखेड़ा महू ने शिकायत दर्ज कराई कि 24 फरवरी को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे के बीच मोबाइल माध्यम से उनके साथ ठगी की गई। आरोप है कि मोबाइल नंबर उपयोगकर्ता ने ऑनलाइन संपर्क कर झांसे में लिया और अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए 1,80,005 रुपये निकलवा लिए. घटना की जानकारी मिलने पर महू पुलिस ने मामला दर्ज कर साइबर सेल की सहायता से संबंधित मोबाइल नंबर और बैंक खातों की जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि आरोपी तक पहुंचा जा सके.

## गुलाब स्टोरी बनेगी प्रेरणादायक उदाहरण : उप मुख्यमंत्री

### पुष्प प्रदर्शनी एवं कृषक कार्यशाला के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए

**भोपाल, 01 मार्च. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल गुना के मानस भवन में आयोजित संभाग स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी एवं कृषक कार्यशाला के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए. उन्होंने विभिन्न जिलों से आए किसानों द्वारा लगाए गए स्टॉलों और पुष्प प्रदर्शनी का अवलोकन कर उन्नत खेती तकनीकों पर संवाद किया.**




उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गुलाब की यह कहानी आने वाले समय में प्रदेश और देश के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बनेगी. उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीक और प्राकृतिक खेती के समन्वय से किसान आर्थिक रूप से सशक्त हो सकते हैं. गुलाब की खेती से एक एकड़ में सालाना लगभग 14 लाख रुपये तक आय संभव है, जो पारंपरिक फसलों से अधिक है. उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते उपयोग पर चिंता जताते हुए जैविक खेती को बढ़ावा देने की बात कही.

कार्यक्रम में 'किंग ऑफ रोज' का पुरस्कार अनिमेष श्रीवास्तव को उनकी 'रिवाइवल' किस्म के लिए तथा 'क्वीन ऑफ रोज' का पुरस्कार गोपाल अग्रवाल को 'टॉप सीक्रेट' किस्म के लिए प्रदान किया गया. उप मुख्यमंत्री ने एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान को जनआंदोलन बनाने की अपील करते हुए 14-15 वर्ष की बालिकाओं से टीकाकरण करवाने का आग्रह किया. कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे.

## महिला एडवोकेट को इंस्टाग्राम पर भेजे गये अश्लील मैसेज

▸ क्राइम ब्रांच ने दर्ज की एफआईआर

**ग्वालियर,01 मार्च. गोला का मंदिर इलाके में रहने वाली 32 वर्षीय महिला एडवोकेट को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अश्लील चैंट, पोस्ट और वीडियो भेजकर परेशान किये जाने का मामला सामने आया है. पीड़िता की शिकायत पर क्राइम ब्रांच पुलिस ने एफआईआर दर्ज्र कर जांच शुरू कर दी हे.**



महिला ने पुलिस को बताया है कि उसके इंस्टाग्राम खाते पर मोहिनी 32143 नाम की आईडी से अश्लील चैट और आपत्तिजनक फोटो भेजे गये. इस पर उसने तुरंत पुलिस की अपात सेवाडायल 112 पर शिकायत की. डायल-112 के स्टाफ ने उसे सायबर सेल से संपर्क कराया. जहां से आश्वासन दिया गया कि संबंधित आईडी को ट्रेस कर जानकारी दी जायेगी. लेकिन आगे कोई खबर नहीं मिली.

## गरीब, युवा और नारी केंद्रित बजट : विधायक पाठक



**सीधी, 1 मार्च. मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत 4.38 लाख करोड़ रुपये के बजट को सीधी विधायक रीति पाठक ने गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के स्वावलंबन का बजट बताया.**

भाजपा की पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट प्रदेश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने वाला दूरदर्शी दस्तावेज है. उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र के लिए 5 एचपी पंपों हेतु 5276 करोड़, दलहन आत्मनिर्भर मिशन के लिए 335 करोड़, बोनस भुगतान हेतु 150 करोड़ और आपातकालीन ऋण ब्याज अनुदान के लिए 720 करोड़ का प्रावधान किया गया है. एक लाख सोलर पंप उपलब्ध कराने का लक्ष्य भी रखा गया है. पशुपालन के लिए 2364 करोड़ तथा सामाजिक सुरक्षा के लिए 2857 करोड़ निर्धारित किए गए हैं.

## युवा संसद में राष्ट्र निर्माण का युवाओं को मिलता अवसर


**सतना,01 मार्च.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बी ब्लॉक सभागार में शनिवार को 'विकसित भारत युवा संसद 2026' का जिला स्तरीय आयोजन संपन्न हुआ. कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया. शुभारंभ माँ सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. मुख्य अतिथि के रूप में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी उपस्थित रहीं. 'माय भारत' पोर्टल पर पंजीकृत प्रतिभागियों ने 'आपातकाल के 50 वर्ष: भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक' विषय पर अपने विचार रखे. कुल 60 प्रतिभागियों ने लोकतंत्र, संविधान और युवा सहभागिता पर प्रभावशाली वक्तव्य दिए.

## 30 हजार स्क्वायर फीट सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त



**इन्दौर, 1 मार्च. जिला प्रशासन और नगर निगम ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के पास स्थित रेसिडेंसी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 20 से 30 हजार स्क्वाायर फीट सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया. इस दौरान नगर निगम और पुलिस प्रशासन का भारी अमला मौके पर मौजूद रहा.**

एसडीएम जगदीश धनगर ने बताया कि सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल परिसर के पास स्थित रेसिडेंसी एरिया की सरकारी जमीन पर अवैध रूप से लगभग 25 से 30 हजार स्क्वायर फीट तक कब्जा कर लिया गया था. उक्त जमीन पर मुसाफिरखाना और मस्जिद के नाम पर अतिक्रमण किया गया था. इस मामले को लेकर तहसील न्यायालय में पिछले दो वर्षों से प्रकरण चल रहा था. न्यायालय द्वारा अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया गया था. संबंधित पक्ष द्वारा उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई.




मामला ▸ शाकाहारी को मांसाहारी डिलीवर करने का मामला

## डेमिनोज पिज्जा रेस्टोरेंट पर आठ लाख का जुर्माना

▸ जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग का फैसला

**सतना, 1 मार्च. शाकाहारी परिवार को मांसाहारी उत्पाद डिलीवर करने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने डेमिनोज पिज्जा रेस्टोरेंट पर आठ लाख का जुर्माना लगाया है. आयोग अध्यक्ष श्यामा चरण उपाध्याय, सदस्य उमेश गिरी, विद्या पांडेय की बैंच ने यह फैसला सुनाया.**




इस संबंध में आवेदक नैंसी तिवारी पत्नी सूरज तिवारी और सूरज पिता देवी प्रसाद तिवारी निवासी महादेवा, श्रीधाम आश्रम, शेरगंज सतना ने शिकायत दर्ज कराई थी. आवेदक ने अपनी शिकायत में कहा कि उन्होंने दीपावली के पवित्र एवं धार्मिक उत्सव के दिन 31 अक्टूबर 2024 को अपने और अपने परिवार के लिए डोमिनोज पिज्जा रेस्टोरेंट मूल कंपनी जुबिलेंट फूड वर्क्स लिमिटेड पारिजात कॉम्प्लेक्स पन्ना नाका रीवा रोड से शाकाहारी खाद्य पदार्थ क्रय किया था. जिसके लिए उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से 595 रुपए अदा किए.इसके बाद 4 अलग अलग बॉक्स में उनके पते पर खाद्य सामग्री डिलीवर की गई. कोरियन पनीर टिक्का, गार्लिक ब्रेड का सेवन करने पर शंका हुई कि उसमें मांस है. आवेदक ने स्थानीय डोमिनोज कार्यालय में संपर्क किया तो वहां से बताया कि आपको जो कोरियन पनीर टिक्का, गार्लिक ब्रेड दी गई है वह मांसाहारी है.